

SERVICE BEFORE SELF
DELHI PUBLIC SCHOOL
MY BUDDY
SESSION: 2026-27
SUBJECT: HINDI
CLASS: IV
TERM - 1 & 2
ABC

# अनुक्रमणिका ( INDEX )

## TERM - 1


| क्रमांक | गतिविधि का प्रकार | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1 | कला एकीकृत अधिगम (AIL)<br>Art Integrated Learning Activitie | 2 |
| 2 | विषय संवर्धन गतिविधि (SEA)<br>Subject Enrichment Activitie | 2 |
| 3 | CBE WORKSHEET | 2 |
| 4 | प्रश्न बैंक (Question Bank)<br>Important Questions | 3 |
| 5 | पुनरावृत्ति (Revision)<br>PT-1 Revision Work | 23 |
| 6 | अर्द्ध वार्षिक परीक्षा अभ्यास पत्र<br>Half Yearly Exam Practice Paper | 26 |
| **TERM - 2** | | |
| 7 | विषय संवर्धन गतिविधि (SEA)<br>Subject Enrichment Activitie | 31 |
| 8 | कला एकीकृत अधिगम (AIL)<br>Art Integrated Learning Activitie | 31 |
| 9 | CBE WORKSHEET | 31 |
| 10 | प्रश्न बैंक (Question Bank)<br>Important Questions | 32 |
| 11 | पुनरावृत्ति (Revision)<br>PT-2 Revision Work | 43 |
| 12 | परीक्षा अभ्यास (Exam Practice)<br>Annual Exam Practice Paper | 45 |


DPS GANDHINAGAR

## SUBJECT ENRICHMENT ACTIVITY (SEA)

दो सौ के नोट में लिखी किन्हीं दस भाषाओं के नाम लिखिए|

**अंक विभाजन -**

दस भाषाओं के नाम **- 10 अंक**

## ART INTEGRATED LEARNING (AIL)

अपने राष्ट्रीय फल का चित्र चिपकाकर या बनाकर उससे बनने वाली किन्हीं पाँच चीजों के चित्र चिपकाकर उनका नाम लिखिए|

**अंक विभाजन -**

**राष्ट्रीय फल का चित्र - 3 अंक**

**पाँच चीजों के चित्र बनाना या चिपकना - 5 अंक**

**समग्र प्रस्तुतिकरण - 2 अंक**

DPS GANDHINAGAR

# Worksheet - 1

**शब्दों के दोनों रूप को जानें|**

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | **QUESTION BANK** | |
| | | **पाठ - 1 देश हमारा** | |
| | |  | |
| | 1. | कविता के अनुसार हमारा देश किस पर्वत से घिरा हुआ है? | |
| | 2. | हमारी जन्मभूमि किनकी तपोभूमि है? | |
| | 3. | कविता में ‘अतिप्राचीन’ शब्द किसके लिए आया है? | |
| | | (i) विदेशों के लिए | (ii) राजा-महाराजाओं के लिए |
| | | (iii) देश के लिए | (iv) ईश्वर के लिए |
| | 4. | ‘निधि’ शब्द का अर्थ खजाना सही है या गलत। लिखिए। | |
| | 5. | कविता की वे पंक्तियाँ छाँटकर लिखिए- जिनमें नारद के गीत और गौतम के उपनिषदों के बारे में कहा गया है। | |
| | 6. | आरव दादाजी के साथ टीवी पर हिमालय देख रहा है। दादाजी बोले-‘बेटा, यही हिमगिरि है। यहीं नारद, गौतम जैसे ऋषि रहते थे। उपनिषदों में लिखा है-‘सच बोलो, सबकी मदद करो’ आरव ने स्कूल में देश हमारा कविता पढ़ी थी। उसे याद आया। **(CASE BASED)** | |
| | (i) | दादाजी ने किन दो ऋषियों के बारे में आरव को बताया है? | |
| | (ii) | उपनिषदों की एक सीख जो दादाजी ने बताई वह अपने शब्दों में लिखिए। | |
| | (iii) | आरव ने स्कूल में जो कविता पढ़ी थी उस कविता का नाम लिखिए। उसी कविता को आप सभी ने भी पढ़ा है तो आप सबने क्या सीखा एक वाक्य में उत्तर लिखिए। | |
| | | | |




DPS GANDHINAGAR

<table>
<tr><td></td><td>5.</td><td colspan="4"></td></tr>
<tr><td></td><td>7.</td><td colspan="4"> चित्र में कौन-सा पर्वत दिख रहा है? (PICTURE BASED)</td></tr>
<tr><td></td><td></td><td colspan="4">पाठ - 2 मैं भी दोस्त<br></td></tr>
<tr><td></td><td>1.</td><td colspan="4">पहले टिन्नी मकड़ी से डरती थी-“छी, काली मकड़ी!” माँ ने कहा -“बेटी, यह किसी को नहीं काटती| देखो, कितनी मेहनत से घर बनाती है|” टिन्नी रोज देखने लगी| 7 दिन में मकड़ी और टिन्नी दोस्त बन गए| अब टिन्नी बोलती -“ मैं भी दोस्त हूँ|” (CASE BASED)</td></tr>
<tr><td></td><td>(i)</td><td colspan="4">पहले टिन्नी मकड़ी को देखकर क्या बोलती थी?</td></tr>
<tr><td></td><td>(iii)</td><td colspan="4">हमें मकड़ी से क्या सीखना चाहिए?</td></tr>
<tr><td></td><td>2.</td><td colspan="4"> </td></tr>
<tr><td></td><td>(i)</td><td colspan="4">चित्र देखकर तीन चीजों के नाम लिखो जो तुम देख पा रहे हो|(PICTURE BASED)</td></tr>
<tr><td></td><td>(ii)</td><td colspan="4">मकड़ी जाला बुनने के लिए अपने तार कैसे बनाती है?</td></tr>
<tr><td></td><td>3.</td><td colspan="4">पाठ में रोहन और टिन्नी बाहर खेलने क्यों नहीं जा पाए?</td></tr>
<tr><td></td><td>4.</td><td colspan="4">रविवार का दिन था माँ दूध और चावल को मिलाकर कौन-सा पकवान बना रही थी?</td></tr>
<tr><td></td><td></td><td>(i) हलवा</td><td>(ii) पुरी</td><td>(iii) सेवइयाँ</td><td>(iv) खीर</td></tr>
<tr><td></td><td>5.</td><td colspan="4">कथन- तुम मेरे दोस्त कैसे हो सकते हो?</td></tr>
</table>

DPS NIDHI NAGAR


| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | कारण - मै कीट-पतंगों को अपना शिकार बनाकर खाने के कारण\| | | | |
| | | (i) कथन और कारण दोनों सही हैं\| | | (ii) कथन और कारण दोनों गलत हैं\| | |
| | | (iii) कथन सही है किंतु कारण गलत है\| | | (iv) कथन गलत है, किंतु कारण सही है\| | |
| **पाठ - 5 नोट नहाते नहीं**  | | | | | |
| | 1. | घर का किराया लेकर कौन आता है? | | | |
| | | (i) शर्मा जी | (ii) गुप्ता जी | (iii) वर्मा जी | (iv) पाठक जी |
| | 2. | कथन- "रुपए ऐसे ही नहीं बड़ी मेहनत से आते हैं......\|" कारण- लेकिन वे अपने में बहुत गंदगी लपेटे हुए भी होते हैं\| | | | |
| | | (i) कथन और कारण दोनों सही हैं\| | | (ii) कथन और कारण दोनों गलत हैं\| | |
| | | (iii) कथन सही है किंतु कारण गलत है\| | | (iv) कथन गलत है, किंतु कारण सही है\| | |
| | 3. |  राहुल एक किराना दुकान चलाता है। वह दिन भर में सैकड़ों नोट लेता है और उसी हाथ से सामान तौलता है और कभी-कभी बिस्कुट के पैकेट भी खोलता है। शाम तक राहुल को पेट दर्द और संक्रमण की शिकायत होती है।**(CASE BASED)** | | | |
| | (i) | एक दुकानदार के रूप में राहुल अपनी और अपने ग्राहकों की सुरक्षा के लिए कौन से 2 महत्वपूर्ण कदम उठाने चाहिए? | | | |

DPS GANDHINAGAR

| | | |
|---|---|---|
| | (ii) | नोटों को छूने के बाद कम से कम 20 सेकंड तक साबुन से हाथ धोना सबसे प्रभावी तरीका है\| हाँ या न में जवाब दीजिए\| |
| | 4. | भारतीय नोट काफी हद तक --------------- से बने होते हैं, जो गंदगी और नमी को सोख लेते हैं। सही विकल्प चुनिए\| |
| | | (i) कपास (Cotton)  (ii) जूट (jute) <br>(iii) फाइबर (Fibre)  (iv) गुलाब (Rose)  |
| | 5. |  नोट के किस हिस्से (कोने या बीच का भाग) पर गंदगी और कीटाणु सबसे ज्यादा जमा होने की संभावना है? **(PICTURE BASED)** |
| | 6. | **संक्रमण चक्र**<br>[ कसाई या सब्जीवाला ]<br>(कच्चे मांस/सब्जियों और दूषित हाथों से नोट को छूता है)<br>↓<br>[ दूषित करेंसी नोट ]<br>(नोट पर बैक्टीरिया और वायरस जमा हो जाते हैं)<br>↓<br>[ ग्राहक ]<br>(नोट लेता है और कीटाणु उसके हाथ पर ट्रांसफर हो जाते हैं)<br>↓<br>[ बच्चे को चॉकलेट देना ]<br>(ग्राहक उसी अनधुले हाथ से बच्चे को चॉकलेट थमाता है) |

DPS GANDHINAGAR

| | | |
|---|---|---|
| | | ↓<br>[ बच्चा ]<br>(चॉकलेट खाते समय कीटाणु बच्चे के मुंह/शरीर में प्रवेश करते हैं) |
| | (i) | यदि कोई व्यक्ति इस नोट को छूने के बाद अपनी आँख या नाक को रगड़ता है, तो उसे क्या समस्या हो सकती है? |
| | (ii) | इस "संक्रमण चक्र" को तोड़ने के लिए सबसे महत्वपूर्ण कौन-सा कदम उठाया जा सकता है? चित्र देखकर बताइए। **(PICTURE BASED)** |






## पाठ - 6 होली



| | | |
|---|---|---|
| | 1. | भारत में मनाए जाने वाले धार्मिक त्योहारों में से रंगों का त्योहार किसे कहा गया है? |
| | 2. | कविता में कवि सफ़दर हाशमी ने जितने रंगों के गुलाल बताए हैं उनके नाम लिखिए। |
| | 3. | कविता में कवि कहता है कि होली के कृत्रिम (Chemical) रंगों की ज़रूरत नहीं है, क्योंकि असली उत्सव तो प्रकृति में है। टमाटर की लालिमा, सरसों के पीले फूल, तोते के हरे पंख, तितलियों के सतरंगी पंख और मिट्टी की सोंधी खुशबू ही सृष्टि की असली होली है। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | मिलान कीजिए- | |
| | (क) | सरसों के | (i) सतरंगी पंख |
| | (ख) | टमाटर की | (ii) सोंधी खुशबू |
| | (ग) | तितलियों के | (iii) पीले फूल |
| | (घ) | तोते की | (iv) लालिमा |
| | (ङ.) | मिट्टी की | (v) हरे पंख |
| | 4. | माँ ने काव्य को बाजार भेजा\| टोकरी में बैंगन, टमाटर, पालक, गाजर, आलू रखे थे\| काव्य सोचने लगी -'कितने रंग हैं\|' फिर वह बगीचे में गई तो वहाँ उसने बगीचे में देखा गुलाब लाल, पत्ते हरे, तितली पीली-काली, चींटी भूरी\| माली काका ने कहा ये सब रंगों की होली है\| **(CASE BASED)** | |
| | (i) | काव्य ने टोकरी में कौन-कौन सी सब्जियाँ देखी थी? | |
| | (ii) | माली काका ने बगीचे को रंगों की होली क्यों कहा? | |
| | 5. |  | |
| | (क) | कविता में सुबह-सवेरे बादल किस प्रकार आते हैं? | |
| | | (i) रंगीन कपड़े पहनकर | (ii) सफ़ेद कपड़े पहनकर |
| | | (iii) काले कपड़े पहनकर | (iv) सभी रंग के कपड़े |
| | (ख) | चित्र में सात रंगों का आप को क्या दिखाई दे रहा है? | |
| | | | |

| | | |
|---|---|---|
| | | **PICTURE BASED** |
| | 6. |  |
| | (i) | कवि किसकी गिनती करने को बोल रहा है? चित्र देखकर बताइए\| **(PICTURE BASED)** |
| | (ii) | तितलियाँ किसके साथ ठिठोली करती हैं? |
| | |  **पाठ-7 दानी पेड़**  |
| | 1. | 'दानी पेड़' पाठ में लड़का पेड़ के साथ क्या-क्या करता था? |
| | 2. |  लड़के के पास पैसे न होने पर उसने पेड़ से क्या कहा? |
| | 3. | अपने परिवार को सुरक्षित रखने के लिए लड़का पेड़ से क्या माँगता है? चित्र देखकर बताइए\| |

DPS GANDHINAGAR

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | (i)  | (ii)  |
| | | (iii)  | (iv)  |
| | 4. |  चित्र देखकर बताइए कि लड़का अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए पेड़ से क्या-क्या माँगता है? | |
| | 5. |   | |
| | (i) | चित्र में अब पेड़ का कौन-सा हिस्सा बचा है? **(PICTURE BASED)** | |
| | (ii) | पेड़ अपने ठूँठ पर लड़के को बैठाकर क्या करने के लिए कहता है? | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | <u>**हिंदी व्याकरण**</u> | |
| | |   | |
| | 1. | जब भाषा का विकास नहीं हुआ था, तब हम अपने विचारों को किसके द्वारा प्रकट करते थे? | |
| | 2. |  पहला बच्चा “मैं स्कूल जाता हूँ” बोल रहा है\|,  दूसरा बच्चा वही कॉपी में लिख रहा है\| **(CASE BASED)** | |
| | (i) | “मैं स्कूल जाता हूँ” वाक्य किस भाषा में लिखा गया है? | |
| | (ii) | उपर्युक्त वाक्य से भाषा के कितने रूपों के बारे में पता चलता है? | |
| | (iii) | पहला बच्चा भाषा के किस रूप का प्रयोग कर रहा है? | |
| | (iv) | लिखित भाषा का प्रयोग कौन-सा बच्चा कर रहा है? | |
| | (v) | अगर “जाता हूँ” की जगह “जाती हूँ” लिख दे तो क्या यह गलती होगी? इस गलती को ठीक करने का ज्ञान हमें कौन देगा? | |
| | 3. | राज्यों का उनकी भाषा के साथ मिलान कीजिए- | |
| | (क) | महाराष्ट्र | (i) असमिया |
| | (ख) | तमिलनाडु | (ii) बांग्ला |
| | (ग) | असम | (iii) मलयालम |
| | (घ) | पश्चिम बंगाल | (iv) मराठी |
| | (ड) | केरल | (v) तमिल |

DPS GANDHINAGAR

| | | |
|---|---|---|
| | 4. | निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर लिखिए- |
| | (i) | **नीचे दिए गए वाक्यों को पढ़कर जो सही हैं उनपर ( ✓ ) तथा जो गलत हैं उन पर ( × ) का निशान लगाइए-**<br>1. हमारे देश में अनेक भाषाएँ हैं।<br>2. माँ बच्चे से बात कर रही है - लिखित भाषा।<br>3. रमेश पत्र लिख रहा है - लिखित भाषा।<br>4. दादा जी समाचार पत्र पढ़ रहे हैं - मौखिक।<br>5. राधा पत्र लिख रही है - मौखिक भाषा। |
| | (ii) | **भाषा के सही रूप से चित्र का मिलान करें-**<br> <br>मौखिक<br>लिखित<br>  |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | 5. | चित्रों को देखकर राज्य का नाम पहचानिए तथा उस राज्य में बोली जाने वाली भाषा लिखिए\| **(PICTURE BASED)** | |
| | (i) |  | (ii)  |
| | |  | |
| | 1. | 'राम पुस्तक पढ़ रहा है\|' वाक्य में से संज्ञा शब्दों को चुनकर उसका भेद लिखिए\| | |
| | 2. | 'गुस्सा' दिखता है या महसूस होता है लिखिए\| यह कौन-सी संज्ञा है? | |
| | 3. | मीना बहुत खुशी से दिल्ली के सरस्वती विद्यालय गई\| वहाँ उसकी दोस्त राधा मिली\| मैडम ने किताब दी और ब्लैकबोर्ड पर "ईमानदारी" लिखा\| लंच में मीना ने सेब खाया\| उसे बहुत मजा आया\| **(CASE BASED)** | |
| | (i) | उपर्युक्त पंक्तियों में यदि संज्ञा शब्द हैं उन्हें चुनकर लिखिए\| (कोई पाँच) | |
| | (ii) | ऐसे दो संज्ञा शब्द चुनकर लिखिए जिन्हें हम देख और छू नहीं सकते हैं केवल महसूस कर सकते हैं\| | |
| | (iii) | विद्यालय, किताब, दोस्त कौन-सी संज्ञा का उदाहरण है? | |
| | 4. | 'शहर' और 'नदी' अगर जातिवाचक संज्ञा शब्द हैं तो इन शब्दों के लिए एक-एक व्यक्तिवाचक संज्ञा शब्द लिखिए\| | |
| | 5. | नीचे दी गई व्यक्तिवाचक संज्ञा, जातिवाचक संज्ञा और भाववाचक संज्ञा शब्दों चुनकर अलग-अलग लिखिए- | |

| | | |
|---|---|---|
| | | अमेरिका, भारत, फूल, मित्रता, सच्चाई, झूला, गाँव, मिठास, हवा महल |
| | | **PICTURE BASED** |
| | 6. | **संज्ञा की पहचान**<br><br>**जंगल में दोस्ती**<br><br>एक बार की बात है, जंगल में एक हाथी रहता था। वह बड़ा ही शांत स्वभाव का था।उसके बहुत सारे दोस्त थे, जो कि बहुत सच्चे और ईमानदार थे। वह हमेशा अपने दोस्तों की मदद करता और उनके साथ समय बिताता था।<br>एक दिन, जंगल में भयंकर आग लग गई। सभी जानवर भयभीत हो गए और अपनी जान बचाने के लिए भागने लगे। हाथी ने देखा कि कुछ छोटे जानवर आग से बाहर निकल नहीं पा रहे थे। हाथी ने जल्दी से अपनी सूंड आगे की ओर की और सूंड पर छोटे जानवरों को बैठा कर आग से बचाया।<br>**ऊपर दी गई कहानी को ध्यान से पढ़ो और संज्ञा शब्द छाँटकर नीचे दिए गए स्थानों में लिखो ।** |
| | | |




**1.** **शब्दों के स्त्रीलिंग / पुल्लिंग लिखो -**

| स्त्रीलिंग | पुल्लिंग |
|---|---|
| बकरी | |
| बेटा | |
| गायक | |
| नौकर | |
| दास | |
| मोर | |
| चाचा | |
| श्रीमान | |

| स्त्रीलिंग | पुल्लिंग |
|---|---|
| | लड़की |
| | सेठानी |
| | मुर्गी |
| | बहन |
| | बंदरिया |
| | औरत |
| | शेरनी |
| | धोबिन |

**2.** प्रश्न. पेड़ पर स्त्रीलिंग शब्द लटकें हुए हैं आप उन्हें तोड़कर पुल्लिंग के सामने रखें–




| | | | |
|---|---|---|---|
| क. हाथी | | च. ग्वाला | |
| ख. गायक | | छ. पड़ोसी | |
| ग. बैल | | ज. युवक | |
| घ. अध्यापक | | झ. लेखक | |
| ङ. चिड़ा | | ञ. चूहा | |

| | | |
|---|---|---|
| | 3. | **निम्नलिखित वाक्यों में रंगीन छपे शब्दों के लिंग बताइए-** |
| | | 1. हमने नई **कार** खरीदी।<br>पुल्लिंग ☐ स्त्रीलिंग ☐<br>2. नीना के **बाल** काले हैं।<br>पुल्लिंग ☐ स्त्रीलिंग ☐<br>3. उसने **चाय** पी ली।<br>पुल्लिंग ☐ स्त्रीलिंग ☐<br>4. **रेलगाड़ी** स्टेशन में खड़ी है।<br>पुल्लिंग ☐ स्त्रीलिंग ☐<br>5. **छाता** भीग गया।<br>पुल्लिंग ☐ स्त्रीलिंग ☐<br>6. **पर्वत** ऊँचा होता है।<br>पुल्लिंग ☐ स्त्रीलिंग ☐<br>7. **नदी** बह रही है।<br>पुल्लिंग ☐ स्त्रीलिंग ☐<br>8. **सोना** महँगा है।<br>पुल्लिंग ☐ स्त्रीलिंग ☐<br>9. **चाँदी** महँगी हो गई है।<br>पुल्लिंग ☐ स्त्रीलिंग ☐<br>10. **नाला** भर गया है।<br>पुल्लिंग ☐ स्त्रीलिंग ☐ |
| | 4. | **निर्देशानुसार उत्तर लिखिए-** |
| | क. | नीचे दिए गए शब्द स्त्रीलिंग हैं या पुल्लिंग पहचान कर लिखिए- |
| | | रेलगाड़ी - \| हवाई जहाज़ - |
| | ख. | पुरूष जाति के बारे में बताने वाले शब्द ____________ स्त्री तथा जाति के बारे में बताने वाले शब्द _______________ कहलाते हैं\| सही शब्दों से वाक्य पूरे कीजिए\| |
| | 5. | **नीचे दिए गए वाक्यों में क्रिया शब्दों से लिंग की पहचान कर लिखिए-** |
| | क. | पानी सूख गया है\| ख. दाल गरम हो रही है\| |

DPS





**1.** **इन शब्दों के एकवचन और बहुवचन के सही जोड़े बनाकर लिखें—**

साइकिल
तसवीर लड़के
मटका दवाइयाँ
पौधे तसवीरें
लड़का पौधा
दवाई चिड़ियाँ
मटके
साइकिलें
चिड़िया

| एकवचन | बहुवचन |
|---|---|
| साइकिल | साइकिलें |
| .............................. | .............................. |
| .............................. | .............................. |
| .............................. | .............................. |
| .............................. | .............................. |
| .............................. | .............................. |
| .............................. | .............................. |

**2.** **निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलकर लिखिए-**

.पत्ते- - - - - - - - - - - - - - - -
.गुड़ियाँ - - - - - - - - - - - - - - - -
.अंडे- - - - - - - - - - - - - - - -
.लड़के - - - - - - - - - - - - - - - -
.पतंगें - - - - - - - - - - - - - - -
@srishti_hindi
लताएँ- - - - - - - - - - - - - - -
कुत्ते - - - - - - - - - - - - - - -
सड़कें - - - - - - - - - - - - - -

| | | | |
|---|---|---|---|
| | 3. | **सही शब्द चुनकर वाक्य पूरा कीजिए-** | |
| | | (क) नौकरानी ने ------------- धोए।(कपड़े/ कपड़ा)<br>(ख) बाग में फूलों के ------------- हैं।(पौधे/पौधा)<br>(ग) घर में एक मोटा-------------दौड़ रहा है।(चूहे /चूहा)<br>(घ) रेगिस्तान में ------------ होती हैं।(झाड़ियाँ/झाड़ी) | |
| | | **PICTURE BASED** | |
| | 4. | **चित्र के अनुसार वचन लिखिए-** | |
| | |  | |
| | 5. | **मिलन कीजिए-** | |
| | | 1. घड़ी<br>2. नदी<br>3. मछली<br>4.टोकरी<br>5.टोपी<br>6.लड़की | a.मछलियाँ<br>b.घड़ियाँ<br>c.टोपियाँ<br>d.नदियाँ<br>e.लड़कियाँ<br>f.टोकरियाँ |
| | 6. | **एकवचन होने पर भी बहुवचन का प्रयोग कब किया जाता है? (CASE BASED)** | |
| | | (i) कभी नहीं किया जाता है\| | (ii) आदर देने के |
| | | (iii) अपनी मर्जी से कर सकते हैं\| | (iv) डराने के लिए |

| | | |
|---|---|---|
| | | <br> |
| | 1. | **वाक्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** |
| | | मैडम ने पूछा -" तुममें से पेन किसने तोड़ा?" मोहन बोला-"मैनें नहीं तोड़ा\|" सीता बोली-"यह तो मेरी टेबल पर गिरा था\|" रोहन बोला-"कोई तो शरारत कर रहा था\|" मैडम ने कहा-"जिसने भी किया, उसे सच बोलना चाहिए\| तुम सब अपनी जगह बैठो\|"**(CASE BASED)** |
| | (क) | "तुममें" में "तुम" किनके लिए है? |
| | (ख) | "किसने" और "कोई" सर्वनाम के किस भेद के उदाहरण हैं? |
| | (ग) | "मेरी" और "अपनी" किन शब्दों की जगह आए हैं? |
| | 2. | प्र–२ दिए गए वाक्यों में रेखांकित किए हुए सर्वनाम शब्द किस संज्ञा के लिए आए हैं? लिखो:–<br>(१) एक बंदर डाल पर बैठा है। वह केला खा रहा है। ____________<br>(२) रीमा ने नया फ्रोक खरीदा। वह हरी है। ____________<br>(३) धोबिन कपड़े धो रही है। वह बहुत भली है। ____________<br>(४) मयंक का जन्मदिन है। उसे बहुत–से उपहार मिले। ____________<br>(५) माया ने चोकलेट खाई। वह बहुत मीठी थी। ____________<br>(६) शीतल ने रोहन से कहा – तुम क्या कर रहे हो? ____________<br>(७) बिल्ली ने दूध पिया और वह वहीं से भाग गई। ____________ |
| | **3.** | **नीचे दिए गए परिच्छेद में से सर्वनाम शब्दों को छाँटकर नीचे दिए कोष्टक में लिखिए-** |
| | | राहुल ने कहा कि कल वह विद्यालय नहीं आएगा, क्योंकि उसे कल जयपुर जाना है।वह अपने मामा जी के घर जा रहा है क्योंकि उसे अपनी नानी जी से मिलना है। उसकी नानी जी बीमार है। |

| | | |
|---|---|---|
| | **4.** | **निर्देशानुसार उत्तर लिखिए-** |
| | (क) | कोई बाहर बुला रहा है - इस वाक्य में अनिश्चित व्यक्ति के लिए प्रयुक्त सर्वनाम शब्द छाँटकर लिखिए\| |
| | (ख) | सर्वनाम शब्दों का वाक्य में प्रयोग कीजिए- |
| | | उन्होंने कोई हमारा मैं वह तुम्हारा |
| | (ग) | संज्ञा शब्दों का प्रयोग बार-बार नहीं करने के लिए हम जिन शब्दों का प्रयोग करते हैं, उन्हें क्या कहते हैं? |
| | 5. | **चित्र देखकर कहानी पूरी कीजिए-** (PICTURE BASED)<br><br>**निर्देश:** नीचे दिए गए चित्र को देखिए और बॉक्स में दिए गए सर्वनाम शब्दों की मदद से कहानी के खाली स्थान भरिए। **[शब्द: उसने, वह, उसको, उसे, मैं]**<br><br>एक कौआ था। ______ बहुत प्यास लगी थी। ______ पानी की तलाश में इधर-उधर भटका। तभी ______ एक घड़ा देखा। घड़े में पानी बहुत कम था। कौए ने सोचा, "______ पानी कैसे पियूँ?" तभी ______ एक उपाय सूझा। उसने घड़े में कंकड़ डाले और पानी ऊपर आ गया। |


| | | |
|---|---|---|
| | |  |
| | 1. | समझदार विद्यार्थी बड़ी-सी कक्षा में खड़ा है\| खिड़की से सुंदर बगीचा दिख रहा है\| जहाँ रंग-बिरंगे फूल खिले हैं\| कुछ किताबें मेज़ पर रखी हैं\| **(CASE BASED)** |
| | (क) | कैसा-कितना जो बतलाए, बोलो बच्चों वह क्या कहलाए? |
| | | (i) वचन \| (ii)संज्ञा \| (iii) क्रिया \| (iv) विशेषण |
| | (ख) | विद्यार्थी को कैसा बताया गया है? |
| | (ग) | खिड़की से बगीचा कैसा दिख रहा है? |
| | (घ) | बगीचे में कैसे फूल खिले हुए हैं? |

2.



प्रश्न 3. वाक्यों में से विशेषण-विशेष्य छांटकर लिखें:-

| | विशेषण | विशेष्य |
|---|---|---|
| (क). काला घोड़ा दौड़ रहा है। | ------- | ------- |
| (ख). मुझे चार किलो गेहूं चाहिए। | ------- | ------- |
| (ग). सात बालक आ गए हैं। | ------- | ------- |
| (घ). वहां कुछ लोग जमा थे। | ------- | ------- |
| (ड़). खाने को कुछ फल चाहिए। | ------- | ------- |

| | | |
|---|---|---|
| | | **PICTURE BASED** |
| | 3. | चित्र के लिए सही विशेषण शब्द चुनें -<br>बूढ़ी मोटा गरम<br>लंबा खुश मीठा<br>  <br>   |
| | 4. | **दिए गए शब्दों में विशेषण शब्दों पर गोला लगाइए।**<br>1. बादल पायल काला नमक<br>2. महल राजा बड़ा कमरा<br>3. जानवर आसमानी किताब खाना<br>4. छोटा भाई मुम्बई पुलिस<br>5. जग भारी बारिश भीड़<br>6. कमल खेल पुस्तक गहरा<br>7. खिलौना इमली हरा धनिया<br>8. झाड़ू आंगन गर्म गाड़ी |

# Periodic Test-1 Revision

**खंड क**

**प्रश्न 1** **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-** **4×1=4**

अनुशासन का अर्थ है– नियमों के अनुसार जीवन जीना। चाहे वह प्रकृति हो, हमारा समाज हो या हमारा व्यक्तिगत जीवन, अनुशासन हर जगह आवश्यक है। विद्यालय में विद्यार्थी, खेल के मैदान में खिलाड़ी और सेना में सैनिक– सभी की सफलता अनुशासन पर ही टिकी होती है। जिस व्यक्ति के जीवन में अनुशासन नहीं होता, उसकी प्रतिभा और क्षमताएँ व्यर्थ चली जाती हैं।कई लोग अनुशासन को एक बंधन मानते हैं, लेकिन वास्तव में यह जीवन को सुचारू और व्यवस्थित बनाने का एक साधन है। अनुशासित व्यक्ति अपने समय का सही प्रबंधन करता है, जिससे वह तनावमुक्त रहता है और अपने लक्ष्यों को आसानी से प्राप्त कर लेता है। इसके विपरीत, एक अनुशासनहीन व्यक्ति हमेशा भ्रम और जल्दबाजी में रहता है। इसलिए, यदि हमें जीवन के किसी भी क्षेत्र में उन्नति के शिखर पर पहुँचना है, तो अनुशासन को अपनी दैनिक आदतों में शामिल करना होगा।

(क) अनुशासन का क्या अर्थ है?

(ख) किन-किन क्षेत्रों में अनुशासन को अनिवार्य माना गया है?

(ग) जिस व्यक्ति के जीवन में अनुशासन नहीं होता, उसका व्यर्थ चला जाता हैं?

(i) प्रतिभा और क्षमताएँ व्यर्थ नहीं होती (ii) क्षमताएँ व्यर्थ नहीं होती

(iii) प्रतिभा और क्षमताएँ व्यर्थ होती (iv) प्रतिभा व्यर्थ नहीं होती

(घ) अनुशासनहीन व्यक्ति का जीवन कैसा होता है?

(i) भ्रम में नहीं रहता है (ii)भ्रम और जल्दबाजी में रहता है

(iii) भ्रम और जल्दबाजी में नहीं रहता है (iv)जल्दबाजी में नहीं रहता है

**खंड ख**

**प्रश्न 2** **उचित शब्द से वाक्य पूरे करो:-** **3×1=3**

(क) __________________ भाषा को शुद्ध रूप में बोलना, लिखना और पढ़ना सिखाता है| (लिपि, लिखित, व्याकरण)

DPS GANDHINAGAR

(ख) रेफ़री सिटी बजा रहा है| _____________ भाषा का उदाहरण है| (लिखित, सांकेतिक, मौखिक)

(ग) दिया गया चित्र ___________ भाषा का उदाहरण है| (लिखित, सांकेतिक, मौखिक)

**प्रश्न 3 निर्देशानुसार उत्तर का चयन कीजिए:- 3×1=3**

(क) पंजाब, गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान यदि व्यक्तिवाचक संज्ञा के उदाहरण हैं तो इसका जातिवाचक संज्ञा क्या होगा?

(ख)  मीरा पढ़ाई कर रही है| वाक्य में 'पढ़ाई' शब्द क्या होगा?

(ग)  क्रिशिव किताब देख रहा है| वाक्य में आए संज्ञा शब्दों को लिखिए|

**<u>खंड ग</u>**

**प्रश्न 4 निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर लिखिए:- 2×1=2**

क. वीरों की यह जन्मभूमि है,

ऋषियों की यह तपोभूमि है|?

पंक्तियों में ऋषियों की यह तपोभूमि है| एसा क्यों कहा गया है?

"अरे यह क्या कर रही हो! गिरोगी क्या? चलो छोड़ो इस झाड़ू को|" टिन्नी मकड़ी को देखकर मुसकरा रही थी|

ख. पाठ के अनुसार बताइए कि टिन्नी ने हाथ में झाड़ू क्यों ले रखी थी?

DPS GANDHINAGAR

**प्रश्न 5** **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-** **2×2=4**

क. 'देश हमारा' कविता के आधार पर देश की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।

ख. मकड़ी ने टिन्नी को कैसे समझाया कि वह बुरी नहीं है?

**प्रश्न 6** **<u>खंड-घ</u>** **1×4=4**

**"मेरी प्रिय अध्यापिका" विषय पर 40-45 शब्दों का अनुच्छेद लिखिए।**

संकेत बिंदु- नाम→ समझाना→ मीठा बोलना→ मदद करना।

DPS GANDHINAGAR

# HALF YEARLY EXAM REVISION

**खण्ड - क**

**प्रश्न 1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- 7×1=7**

एक छोटा सा गाँव हरे-भरे खेतों और पेड़ों से घिरा हुआ था। उस गाँव का नाम सूरजपुर था। गाँव में लोग बहुत मेहनती थे और मिल-जुलकर रहते थे। वहाँ एक छोटा सा सरकारी स्कूल था, जहाँ बच्चे रोज़ पढ़ने आते थे। गाँव के पास एक नदी बहती थी, जिसका पानी बहुत साफ और ठंडा था। बच्चे स्कूल जाने से पहले या छुट्टी के समय नदी के किनारे खेलते थे। गाँव के किसान सुबह जल्दी उठकर खेतों में काम करते थे और अनाज उगाते थे। एक दिन गाँव में बहुत तेज बारिश हुई। नदी का पानी बढ़ गया और बाढ़ आने का खतरा हो गया। गाँव के लोग डर गए, लेकिन उन्होंने मिलकर काम किया। उन्होंने खेतों और घरों की रक्षा के लिए मजबूत मेड़ बनाए और सुरक्षित स्थान पर चले गए।कुछ दिनों बाद बारिश रुक गई और सब कुछ सामान्य हो गया। गाँव के लोगों ने समझा कि एकता में बहुत शक्ति होती है। उन्होंने तय किया कि भविष्य में वे मिल-जुलकर हर समस्या का सामना करेंगे।

(क) एक छोटा सा गाँव हरे-भरे खेतों और पेड़ों से घिरा हुआ था। उस गाँव का नाम क्या था?

(ख) गाँव के लोगों की दो विशेषता लिखिए|

(ग) बच्चे कहाँ खेलते थे?

(i) नदी के अंदर (ii) नदी के किनारे

(iii) नदी के दूर (iv) कहीं भी

(घ) किसान क्या काम करते थे?

(ड.) बारिश होने पर क्या समस्या आई?

(च) गद्यांश का मुख्य संदेश क्या है?

(छ) अंत में गाँव के लोगों ने क्या करना तय किया?

**प्रश्न 2 निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- 5×1=5**

पहाड़ो से ऊँचा है मेरा देश,

नदियों से गहरा है मेरा देश|
वीरों की गाथा गता है,
सबके मन को भाता है|
झंडा तीन रंग का प्यारा,
जग से सबसे है ये न्यारा|
मेहनत से इसको सजाएँगे,
मिलकर आगे हम बढाएँगेऑ

(क) कवि ने देश को किससे ऊँचा बताया है?

(i) भारतियों से (ii) पहाड़ो से

(iii) देशवासियों से (iv) दुनिया से

(ख) देश सबके मन को क्यों भाता है?

(i) वीरों की गाथा नहीं गता है (ii) वीरों को देखता है

(iii) वीरों को बुलाता है (iv) वीरों की गाथा गता है

(ग) तीन रंग का झंडा किसे कहते हैं?

(घ) हम देश को कैसे सजाएँगे?

(ड.) "जग से सबसे है ये न्यारा|" का अर्थ क्या है?

(i) दुनिया में सबसे अलग (ii) दुनिया में सबसे गंदा

(iii) दुनिया में सबसे अलग नहीं है (iv) सभी विकल्प सही हैं

## खण्ड-ख

**प्रश्न 3 रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर वाक्य पुनः लिखिए:- 3×1=3**

(क) **बकरा** पानी पी रही है|

(ख) **शिक्षक** पढ़ा रहे हैं|

(ग) **गायिका** गीत गा रही है|

**प्रश्न 4 शब्द के सही वचन को गोला कीजिए :- 4×1=4**

DPS GANDHINAGAR


(क) मिठाई - मिठाईयां मिठाइयाँ मिठाईयों

(ख) लता - लातें लतायें लताएँ

(ग) पुस्तक - पुस्तकों पूस्तकें पुस्तके

(घ) चूड़ी - चुडिया चूडिया चूडियाँ

**प्रश्न 5 चित्र पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-** **4×1=4**



(क) लड़का गेंद से खेल रहा है| इस वाक्य में लड़का की जगह कौन-सा सर्वनाम आएगा?

(ख) दादाजी पेड़ के नीचे बैठे हैं| उनके हाथ में छड़ी है| यहाँ 'उनके' कसके लिए आया है?

(ग) अगर तुम पार्क में होते, तो क्या कहते? खाली जगह भरो: "______ भी झूला झूलना चाहता हूँ|

(घ) लड़का और लड़की दोनों खेल रहे हैं| _______ खुश हैं| वाक्य पूरा कीजिए|

**प्रश्न 6 सही विकल्प का चयन कीजिए :-** **4×1=4**

(क) विशेषण शब्द पर गोला लगाइए-

(i) मीठा (ii) आम (iii) दौड़ना (iv) आप

(ख) मेरे <u>छोटे</u> भाई का <u>प्यारा</u> खिलौना खो गया है - वाक्य में प्रयुक्त रेखांकित शब्द क्या हैं?

(i) संज्ञा (ii) विशेषण (iii) क्रिया (iv) विलोम

(ग) अमन ने अपने सच्चे मित्र को सब बताया - इस वाक्य में विशेषण शब्द कौन-सा है?

DPS GANDHINAGAR

(i) अमन (ii) अपने (iii) सच्चे (iv) मित्र

(घ) कुरते के लिए चार मीटर कपड़ा चाहिए - इस वाक्य में विशेषण शब्द कौन-सा है?

(i) चार मीटर (ii) कपड़ा (iii) चाहिए (iv) कुरते

**खण्ड - ग**

**प्रश्न 7 सही विकल्प का चयन कीजिए :- 3×1=3**

(क) रविवार के दिन सभी सदस्य एक साथ क्या खा रहे थे?

(i) सुबह का नास्ता (ii) दोपहर का खाना

(iii) शाम की चाट (iv) रात का खाना

(ख) "तो क्या मैं सारे दिन हाथ ही धोती रहूँगी|" यह किसने कहा?

(i) संदीप ने (ii) पिंकी ने (iii) दादी ने (iv) माँ ने

(ग) कथन - सफ़ाई-कर्मचारी को सब गंदा कहते हैं|

कारण - गंदगी दूर करने के कारण|

(i) कथन और कारण दोनों सही हैं|

(ii) कथन और कारण दोनों गलत हैं|

(iii) कथन सही है किंतु कारण गलत है|

(iv) कथन गलत है, किंतु कारण सही है|

**प्रश्न 8 पठित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए:- 3×1=3**

सुबह-सवेरे रंगीं कपड़े पहन के बादल आएँ

चिड़ियाँ रंगीं पर फैलाए ऊपर-नीचे जाएँ|

फूलों के संग करें तितलियाँ दिनभर हँसी-ठिठोली

रोज़ शाम को सूरज खेले आसमान से होली|

(क) सुबह-सवेरे रंगी कपड़े पहन कर कौन आता है?

(ख) फूलों के संग दिनभर हँसी-ठिठोली कौन करता है?



DPS GANDHINAGAR

(ग) सूरज आसमान से होली किस समय खेलता है?

**प्रश्न 9** **पठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-** **5×1=5**

एक पेड़ था| वह एक छोटे लड़के को बहुत प्यार करता था| हर रोज़ लड़का उसके पास जाता और पेड़ के पत्ते इकट्ठे करता था| वह पेड़ के फूल इकट्ठे करके उनकी माला बनाता और जंगल के राजा का खेल खेलता| वह पेड़ के तने पर चढ़ता और उसकी शाखाओं से झूला झूलता| वह पेड़ के सेब खाता| फिर पेड़ और लड़का साथ-साथ लुका-छिपी खेलते| जब वह थक जाता, तो पेड़ की छाँव में सो जाता|

(क) तुम्हारी जिंदगी में 'पेड़' कौन है? यानी कौन तुमसे बिना स्वार्थ के प्यार करता है?

(ख) "उसकी शाखाओं से झूलता" वाक्य में 'उसकी' किसी शाखाएँ?

(ग) "जब वह थक जाता" यहाँ 'वह' कौन है?

(घ) पद्यांश में "जंगल का राजा' प्रयुक्त किया गया है| क्या आप बता सकते हैं कि जंगल का राजा किस जानवर को कहा जाता है?

(ड) फूलों की माला का उपयोग हम कहाँ-कहाँ करते हैं, सोचकर लिखिए|

**प्रश्न** 10 **निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-** **2×2=4**

(क) होली का मजा प्रतिदिन कैसे मिल सकता है?

(ख) संदीप ने नोटों के बारे में क्या जानकारी दी?

**<u>खण्ड - घ</u>**

**प्रश्न 11** **निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए :-** **3×1=3**

(i) कीटाणु (ii) गुलाल (iii) शाखा

**प्रश्न 12** **नीचे दिए गए चित्र का वर्णन 40 से 45 शब्दों के अनुच्छेद में लिखिए|** **1×4=4**



# TERM - 2

## ART INTEGRATED LEARNING (AIL)

‘कदंब का पेड़’ कविता याद करके सुनाइए|

अंक विभाजन:-

4 अंक - लय के साथ गाना

4 अंक - सही उच्चारण

2 अंक - प्रस्तुतिकरण के

## SUBJECT ENRTICHMENT ACTIVITY (SEA)

‘मच्छरनाथ’ पाठ आधारित रोल प्ले

अंक विभाजन:-

4 अंक - संवाद के

4 अंक - अभिनय के

2 अंक - समग्र प्रस्तुतिकरण

## CBE WORKSHEET

**श्रुतभाव ग्रहण गतिविधि (LISTENING ACTIVITY)**

DPS GANDHINAGAR

# Question Bank

## पाठ - 8 विक्रमादित्य का सिंहासन



1. यह कहानी किसके बारे में है?

   (i) सम्राट की न्यायप्रियता (ii) कठोरता
   (iii) चालाकी (iv) सभी सही हैं

2. किस कारण प्रजा सम्राट विक्रमादित्य को प्यार करती थी?

   (i)ईमानदारीव उदारता (ii) लड़ना (iii) हँसना (iv) रोना

3. उज्जैन में कौन-से महान कवि व विद्वान रहते थे?

   (i) रमादास (ii) कालिदास (iii) गोकुलदास (iv) रहमान

4. बच्चे मिट्टी के टीले पर कौन-सा खेल खेल रहे थे?

   (i) न्यायाधीश का खेल (ii) खो-खो
   (iii) लंगड़ी (iv) दौड़-पकड़

5. यह कहानी हमें किस बात के लिए प्रेरित करती है?

6.  चित्र को ध्यान से देखकर बताइए सम्राट विक्रमादित्य में कौन-सा गुण दिखाई देता है?**(PICTURE BASED)**

   (i) साहस (ii) आलस (iii) डर (iv) क्रोध

DPS GANDHINAGAR

7. "प्राचीन काल में भारत में उज्जैन नाम का एक बहुत प्रसिद्ध शहर था। इस शहर में विक्रमादित्य नाम के राजा राज करते थे। यहाँ के राजा विक्रमादित्य के दरबार में अनेक कवि व विद्वान रहते थे। यहाँ के राजा विक्रमादित्य अपनी न्यायप्रियता के लिए दूर-दूर तक प्रसिद्ध थे। प्रजा उनकी न्यायप्रियता और ईमानदारी के कारण उनको बहुत प्यार करती थी।**(CASE BASED)**

(क) राजा विक्रमादित्य किस शहर पर शासन करते थे?

(i) पाटलिपुत्र (ii) उज्जैन

(iii) वाराणसी (iv) अयोध्या

## पाठ -9 कदंब का पेड़



1. पेड़ के नीचे बाँसुरी कौन बजा रहा है? **(PICTURE BASED)**

2. कृष्ण भगवान को कौन-सा पेड़ प्रिय था?**(PICTURE BASED)**

(i) आम (ii) कदंब (iii) सेब (iv) ये सभी

3. यह कदंब का पेड़ अगर माँ होता यमुना तीरे|

---------------------------------------------------- काव्य पंक्ति पूरी कीजिए|

4. बच्चा कौन-सा वाद्य बजा रहा है?

(i) ढोलक (ii) बाँसुरी (iii) तबला (iv) ये सभी

5. बच्चा माँ से कितने पैसे वाली बाँसुरी की माँग कर रहा है ?

(i) एक पैसा (ii) दो पैसे (iii) तीन पैसे (iv) पचास पैसे

6. विकल का अर्थ क्या होगा?

DPS GANDHINAGAR

(i)चलना (ii) प्यासा (iii) पतला (iv) चिंतित

7. "यह कदम्ब का पेड़ अगर माँ होता यमुना तीरे।

मैं भी उसपर बैठ कन्हैया बनता धीरे-धीरे।

ले देतीं यदि मुझे बाँसुरी तुम दो पैसे वाली।

किसी तरह नीचे हो जाती यह कदम्ब की डाली।"(CASE BASED)

(क) बालक किस नदी के किनारे स्थित पेड़ पर बैठने की इच्छा व्यक्त कर रहा है?

(ख) कन्हैया (कृष्ण) बनने के लिए बालक अपनी माँ से क्या माँग रहा है?

## पाठ-10 बदल रहे हैं बच्चे



1. चित्र में बच्चे क्या कर रहे हैं? (PICTURE BASED)

(i)सफ़ाई (ii) नृत्य

(iii) पढ़ रहे हैं (iv) रो रहे हैं

2. पार्क क्यों चिड़चिड़ा हो गया था?

(i)गंदगी के कारण (ii) गरमी से

(iii) ठंड से (iv) भूख से

3. पार्क में लगे कौन-से पेड़ से पार्क झुँझला उठा?

(i)चमेली के (ii) आम के (iii) पपीते के (iv) जामुन के

4. राहत की साँस लेना मुहावरे का अर्थ क्या होगा?

DPS GANESH NAGAR

(i)शांति महसूस करना (ii) शोर करना

(iii) हँसना (iv) इनमे से कोई नहीं

5. पाठ में बच्चे किसका महत्व समझ गए थे?

(i) गंगा का (ii) शोर का

(iii) स्वच्छता का (iv) इनमे से कोई नहीं

6. शाम का समय था। पूरे दिन स्कूल के बाद टहलने की इच्छा से रोहन घर से निकला। एक सुंदर पार्क में पहुँचकर उसने अभी राहत की साँस ही ली थी कि अचानक हवा का एक तेज़ झोंका आया। उस झोंके से पास खड़े चमेली और महुआ के पेड़ हिलने लगे और उनके कुछ फूल टूटकर नीचे गिरने लगे| **(CASE BASED)**

(क) रोहन किस समय और कहाँ टहलने के लिए गया था?

(ख) रोहन ने पार्क में पहुँचकर कैसा महसूस किया?

(ग) हवा का झोंका आने पर क्या घटना घटी?

(घ) गद्यांश में किन दो विशिष्ट फूलों/पेड़ों के नाम आए हैं?

## पाठ -12 मैंने चित्र बनाया तो!



1. ऊपर दिए गए चित्र को देखकर बताइए कि कवि ने किसका चित्र बनाया है?**(PICTURE BASED)**

(i)गुब्बारे का (ii) नदी का

(iii) लड़के का (iv) इनमे से कोई नहीं

2. नदी किसके साथ जुड़ी हुई है?

(i) गाँव-शहर (ii) देश-विदेश (iii) धरती-आसमान (iv) सभी सही हैं

DPS GANDHINAGAR

3. कवि के मन में क्या बनने का विचार आया है?

(i) लेखक (ii) गायक (iii) चित्रकार (iv) नृतक

4. इसी तरह <u>आराम</u> करूँगा बढ़िया और <u>प्रयाग</u> करुँगा| रेखांकित शब्दों की जगह सही शब्द लिखिए?

5. पहाड़ों से जो निकल रही है,

मैदानों में मचल रही है,

कल-कल करती हुई नदी का सुंदर चित्र बनाया तो!"

यह पंक्तियाँ प्रकृति के एक सुंदर दृश्य का वर्णन करती हैं। नदियाँ पहाड़ों की ऊँचाइयों से जन्म लेती हैं। जब वे पहाड़ों से नीचे उतरती हैं, तो उनकी गति बहुत तेज़ होती है। मैदानों में पहुँचकर वे शांत और विस्तृत हो जाती हैं। नदियाँ अपने साथ उपजाऊ मिट्टी लाती हैं, जो खेतों को समृद्ध बनाती है। प्राचीन काल से ही मानव बस्तियाँ नदियों के किनारे बसी हैं क्योंकि यह पानी और जीवन का मुख्य स्रोत हैं। **(CASE BASED)**

(क) कविता की पंक्तियों के अनुसार नदी कहाँ से निकलती है और कहाँ मचलती है?

(ख) नदी बहते समय कैसी आवाज़ करती है?

## 13 जेम्स की अंतरिक्ष यात्रा



1. चित्र में जेम्स को आसमान में क्या जाता दिखाई दे रहा है? (PICTURE BASED)

2. जेम्स खुश क्यों था?

(i)सपना सच हो रहा था (ii) खिलौनों के लिए

(iii) खाने के लिए (iv) सभी सही

3. जेम्स के अंकल किसमें काम करते थे?

(i)स्कूल में (ii)ऑफिस में

(iii) टूरिज़्म कंपनी में (iv) सभी सही

4. आसमान में वैक्यूम की वजह से सूरज कैसा दिखता है?

(i)लाल (ii) पीला (iii) काला (iv) सभी सही

5. अंतरिक्ष यात्री बात करने के लिए क्या पहनते हैं?

(i) चश्में (ii) माइक्रोफोन हेल्मेट

(iii) स्कार्फ (iv) बैंड

6. जेम्स अंतरिक्ष यात्रा पर जाना चाहता था। बच्चों के लिए अंतरिक्ष यात्रा वर्जित थी। इसका टिकट भी बहुत महँगा था। जेम्स के अंकल उसकी इच्छा समझ गए। उन्होंने जेम्स को साथ ले जाने के लिए अधिकारियों से विशेष अनुमति ली। अनुमति मिलने पर जेम्स खुशी से झूम उठा। दोनों तय समय पर स्पेस शटल में सवार हुए। शटल तेजी से धरती छोड़कर अंतरिक्ष की ओर बढ़ गया।**(CASE BASED)**

(क) जेम्स के लिए अंतरिक्ष यात्रा पर जाना शुरुआत में क्यों असंभव लग रहा था?

(i) टिकट बहुत महँगा था (ii) अंकल बीमार थे

(iii) दूर था (iv) सभी सही

## हिंदी व्याकरण

## क्रिया और काल





1. पहले चित्र में रीमा क्या कर रही है? **(PICTURE BASED)**



DPS GANDHINAGAR

2. दूसरे चित्र में कौन-सी क्रिया है? **(PICTURE BASED)**

(i) खेलना (ii) पढ़ना (i) रोना (iv) झूलना

3. तीसरे चित्र को देखकर वाक्य बनाइए| **(PICTURE BASED)**

4. क्रिया के कितने भेद हैं?

5. वाक्य पढ़कर काल का भेद लिखिए-

रेखा बाज़ार जा रही है|

रोहन बाज़ार सुबह जायेगा|

कल रविवार था|

6. क्रिया के तीन भेद होते हैं| इनका रूप समय(काल), लिंग और वचन के अनुसार बदलता है| जैसे- अभी होना(वर्तमान काल), आने वाले समय में होगा (भविष्यत काल ), बीत चुका समय (भूतकाल)| **(CASE BASED)**

(क) क्रिया के कितने भेद हैं?

(ख) "रोहन बाज़ार सुबह जायेगा|" वाक्य पढ़कर काल का भेद लिखिए|

## पर्यायवाची शब्द

1. नीचे दिए चित्रों को देखकर दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए- **(PICTURE BASED)**





2. आज गुरूजी ने हमें पाठ पढ़ने बोला है| धरती तप रही है| गगन में बादल छाए हैं| फूल खिले हैं| शरीर थक चुका है| **(CASE STUDY)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| क. शिक्षक- | जगत | गुरु | सखा |
| ख. आकाश- | सुमन | गगन | मयंक |

ग. फूल - पेड़ वर सुमन

घ. शरीर - मेघ देह माता

ङ. धरती- बाग उपवन धरा

## विलोम








1. **चित्र को देखकर नीचे दिए शब्दों के विलोम लिखिए-** (PICTURE BASED)

(i) सफ़ेद- (ii) धनी- (iii) मोटा-

2. **रेखांकित शब्दों के विलोम लिखकर वाक्य पूरे कीजिए-** (CASE BASED)

पत्थर देखा जो बहुत कठोर था। उसके मित्र ने उसके बारे में एक असत्य बात फैला दी। इस कारण रवि को थोड़ी हानि हुई और वह दुखी हो गया। लेकिन उसने हिम्मत नहीं छोड़ी। अंत में सच्चाई की जीत हुई और उसके मित्र को हार का सामना करना पड़ा|

क. आसमान में <u>काले </u>और------------ बादल दिख रहे हैं|

ख. पेड़ की पत्तियाँ <u>कोमल</u> और तना ----------- होता है|

ग. हमें हमेशा <u>सत्य</u> बोलना चाहिए -------- नहीं|

घ. रमेश को व्यापार में <u>लाभ </u>की जगह ---------- हुई|

ङ. खेल में एक की <u>जीत</u> तो दूसरे की --------- होती है|

## <u>अनेक शब्दों के लिए एक शब्द</u>

**अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए-** (CASE BASED)

रहुल अपने दादा जी के साथ गाँव में रहता था। वह हर पाक्षिक मेले में जाता था। मेले में स्वदेशी वस्तुओं की प्रदर्शनी लगती थी। वहाँ एक सुनार सुंदर आभूषण बेच रहा था। राहुल ने

देखा कि सोना बहुत बहुमूल्य धातु है। घर लौटकर उसने बच्चों की मासिक पत्रिका में मेले के बारे में एक रोचक लेख लिखा।

क. जो पन्द्रह दिन में एक बार हो-

ख. जो बहुत कीमती हो-

ग. जो दूसरे देश का हो-


घ. जो सोने-चाँदी के गहने बनाता हो-

ड. जो महीने में एक बार हो-

## अनेकार्थक शब्द

**1. चित्रों को पहचानकर नीचे दिए गए शब्दों के दोनों अर्थ लिखिए-(PICTURE BASED)**

क.



सेब के दो <u>भाग</u> करो- ----------------

वह बहुत तेज़ <u>भाग</u> रही है- ---------------

ख.



आम एक मीठा <u>फल</u> है- ----------------

बुरे काम का <u>फल</u> बुरा होता है- ----------------

ग.



सूर्य पूर्व से निकलता है-   -------------

मेरी पूर्व शिक्षिका का नाम सुमन था- -------------

घ.




अंबर में पक्षी उड़ रहे हैं-   ----------------

साधू ने केसरी रंग के अंबर पहने हैं- --------------

## मुहावरे

1. **चित्रों की सहायता से सही मुहावरे लिखिए-(PICTURE BASED)**

क.



ख.



ग.



DPS GANDHINAGAR

घ. 

ङ. 

**2. नीचे लिखे मुहावरों का वाक्य में प्रयोग कीजिए-**

क. हाथ बँटाना-

ख. जी चुराना

ग. दिन-रात एक करना

DPS GANDHINAGAR

# PT-II REVISION

**प्रश्न 1 पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 4×1=4**




(क) बच्चे कौन-सा खेल खेल रहे हैं?

(ख) चित्र में कितने बच्चे हैं?

(ग) जो रेल को तोड़ेगा उसे कहाँ जाना होगा?

(घ) कोई एक विलोम शब्द-युग्म चुनकर लिखिए |

**प्रश्न 2 नीचे दिए वाक्यों में क्रिया पर गोला कीजिए - 2×1=2**

(क) आज बहुत तेज़ हवा चल रही है|

(ख) ग्वाला गायों को चराने ले जा रहा है|

**प्रश्न 3 नीचे लिखे वाक्यों को कोष्ठक में दिए काल के अनुसार बदलकर लिखिए- 2×1=2**

(क) रीमा बाज़ार जा रही है|(भूतकाल)

(ख) कमल बस से जा रहा है|(भविष्यत काल)

**प्रश्न 4** **नीचे दिए चित्रों को देखकर दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए-** **2×1=2**

(क)



(ख)



**प्रश्न 5** **प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** **2×2=4**

(क) विक्रमादित्य और उनके राज्य की क्या विशेषता थी?

(ख) बच्चा बाँसुरी से क्या करना चाहता है?

**प्रश्न 6** **वाक्य प्रयोग कीजिए-** **2×1=2**

(क) प्रजा-

(ख) वंशी-

**प्रश्न 7** **चित्र का वर्णन 40 से 45 वाक्यों के अनुच्छेद में कीजिए|** **4×1=4**




DPS GANDHINAGAR

# ANNUAL REVISION PAPER

## खण्ड-क

**प्रश्न 1** **गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-** **7×1=7**

एक छोटे से गाँव के किसान परिवार में जन्मे अब्दुल कलाम ने अपनी पढ़ाई का खर्च उठाने के लिए बचपन में अखबार बेचने का काम किया, उनका जीवन लगातार संघर्षों से भरा रहा, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी। अपनी कड़ी मेहनत और अटूट समर्पण के दम पर वे न केवल भारत के मिसाइल मैन बने, बल्कि देश के राष्ट्रपति के सर्वोच्च पद तक पहुँचे। **सीख:** सीमित संसाधनों के बावजूद, यदि आपके सपने बड़े हैं और आप समर्पित हैं, तो आप सफलता की किसी भी ऊँचाई को छू सकते हैं।




(क) यह चित्र किसका है?

(ख) अब्दुल कलाम बचपन में कौन-सा काम करते थे?

(ग) वे अखबार क्यों बेचते थे?

(घ) अब्दुल कलाम का जीवन कैसा था?

(ङ) उन्होंने किन गुणों के दम पर सफलता प्राप्त की?

(च) अब्दुल कलाम को किस नाम से जाना जाता है?

(छ) कहानी से हमें क्या सीख मिलती है?

**प्रश्न 2** **अपठित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** **5x1=5**

राह में मुश्किल होगी हज़ार,

तुम दो कदम बढ़ाओ तो सही,

हो जाएगा हर सपना साकार,

तुम चलो तो सही, तुम चलो तो सही।

मुश्किल है पर इतना भी नहीं,कि तू कर ना सके,

दूर है मंजिल लेकिन इतनी भी नहीं,कि तू पा ना सके।



(क) चित्र में बच्चे क्या कर रहे हैं?

(i) खा रहे हैं (ii) सो रहे हैं (iii) आगे बढ़ रहे हैं (iv) सभी सही हैं

(क) कविता में किसे आगे बढ़ने की प्रेरणा दी गई है?

(i) सभी लोगों को (ii) पानी को (iii) पेड़ को (iv) सभी सही हैं

(ख) बच्चे अपनी मंजिल को पाने कैसे दौड़ रहे हैं?

(i)खुशी से (ii) रोते हुए (iii) गुस्सेमें (iv) इनमें से कोई नहीं

(ग) कविता हमें क्या संदेश देती है?

(i) हार मान लेना (ii) मेहनत और हिम्मत से आगे बढ़ना

(ii) परेशान रहना (iv) रोते रहना

DPS GANDHINAGAR

(घ) 'तुम चलो तो सही' का अर्थ है- सही विकल्प चुनिए-

(क) रुक जाना

(ख) प्रयास करना

(ग) पीछे हट जाना

(घ) सभी सही हैं

**<u>खण्ड - ख</u>**







जीत    हार    दिन    रात

**प्रश्न 3    निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर लिखिए-    4×1=4**

(क) चित्र में से जीत का विलोम शब्द चुनिए?

(ख) दिन का विलोम शब्द लिखिए?

(ग) स्वस्थ का सही विलोम शब्द चुनिए? (कमज़ोर, अस्वस्थ)

(घ) सत्य का विलोम होगा- ( अर्थ, असत्य)

**प्रश्न 4    सही विकल्प चुनकर लिखिए-    4×1=4**

(क) 'फल' का अर्थ क्या है?

(i)रंग    (ii) परिणाम    (iii) कपड़ा    (iv) रास्ता

(ख) "हार' शब्द का सही अर्थ चुनिए- राजकुमारी ने हीरों का हार पहना है|

(i) हारना    (ii) मारना    (iii) माला    (iv) गिरना

(ग) चित्र में 'भेंट' शब्द का अर्थ क्या है?

DPS GANDHINAGAR



(i)मुलाकात (ii) उपहार (iii) उत्तर (iv) दौड़ना

(घ) 'फल' शब्द का सही अर्थ चुनिए- 'मेहनत' का फल मीठा होता है|

(i) खाने वाला (ii) परिणाम (iii) रंग (iv) जवाब

**प्रश्न 5 चित्र देखकर प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** **1×1=1**

जो जूते चप्पल बनाता है उसे क्या कहते हैं?



(i) मोची (ii) लुहार (iii) डॉक्टर (iv) चपरासी

**प्रश्न 6 मिलान कीजिए-** **3×1=3**

| | |
|---|---|
| (क) जो कविता लिखता है- | (i) विदेशी |
| (ख) जिसके मन में दया हो- | (ii) कवि |
| (ग) जो दूसरे देश का हो- | (iii) दयालु |


**प्रश्न 7 चित्रों की सहायता से मुहावरे पूरे कीजिए-** **3×1=3**

(क)  --------- अड़ाना

DPS GANESH NAGAR

(ख) 


------------- एक करना

(ग) 

ईद का ----------- होना

**खण्ड - ग**

**प्रश्न 8** **प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** **2×2=4**

(क) पार्क और पेड़ के बीच क्या बातचीत हुई और क्यों?

(ख) अंतरिक्ष में जेम्स ने पानी कैसे पिया था?

**प्रश्न 9** **सही विकल्प उत्तर चुनकर लिखिए-** **3×1=3**

(क) नदी कहाँ से निकल रही है?

(i)पर्वत से (ii) उत्तर से (iii) सूरज से (iv) चाँद से

(ख) चित्र को किससे सजाया ज रहा है?

(i)फूलों से (ii) रंगों से (iii) पत्तों से (iv) घरों से

(ग) जेम्स को अंतरिक्ष में कौन ले गया था?

(i) दोस्त (ii) पिता जी (iii) अंकल (iv) दीदी

**प्रश्न 10** **पठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** **3×1=3**

शाम का समय था| सूर्य अपने सफ़र के बाद ढलने को था| शहर के बीच बने एक सुंदर पार्क ने राहत की साँस ही ली थी कि तभी तेज़ हवा का एक झोंका आया| झोंके से पास खड़े चमेली के पेड़ से कुछ सूखे पत्ते और मुरझाए फूल झड़कर पार्क में गिर पड़े| यह देखकर पार्क झुँझला उठा और

DPS GANDHINAGAR

बोला ,"अरे भाई! दिन भर बच्चों की उचल-कूद से परेशान रहता हूँ, अब तुम भी चैन नहीं लेने देते|

(क) किस समय की बात थी?

(ख) सफ़र के बाद कौन ढलने वाला था?

(ग) पेड़ से कैसे पत्ते गिरे?

**प्रश्न 11 पठित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 3×1=3**

पर्वत से जो निकल रही है

मैदानों में मचल रही है,

कल-कल करती हुई नदी का

मैंने चित्र बनाया तो!

इधर मुड़ी है, उधर मुड़ी है

गाँव- शहर के साथ जुड़ी है

हलके-गाढे रंगों से भी

मैंने उसे सजाया तो!

-(राजा चौरसिया)

(क) नदी कहाँ मचल रही है?

(ख) नदी कैसी आवाज़ करते हुए बहती है?

(ग) कविता के कवि कौन हैं?

**प्रश्न 12 उचित मिलान कीजिए- 4×½=2**

| | |
|---|---|
| (क) स्पेस सूट- | (i) अंतरिक्ष यान |
| (ख) माइक्रोफोन- | (ii) जहाँ कोई वायु या गैस नही होती |
| (ग) वैक्यूम- | (iii) अंतरिक्ष में पहनने वाले वस्त्र |

DPS GANDHINAGAR

(घ) स्पेस शटल- (iv) ध्वनि पकड़ने व भेजने वाला यंत्र

**<u>खण्ड - घ</u>**

**प्रश्न 13** **नीचे दिए शब्दों का वाक्य में प्रयोग कीजिए-** **3×1=3**

(क) वातावरण

(ख) कल-कल

(ग) वर्जित

**प्रश्न-14** **दो दिन के अवकाश हेतु कक्षा-अध्यापिका को पत्र लिखिए|** **1×5=5**

DPS GANDHINAGAR